मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-17
06/01/2023

# डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ0 दाऊद अली के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना, 06 जनवरी 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ दाऊद अली के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 दाऊद अली एक प्रसिद्ध समाजसेवी थे और वे अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करें और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

******